सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 31 आषाढ़, 1948 (श॰) / 22 जुलाई, 2026 (ई॰)

प्रश्नों की कुल संख्या 187

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 79 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 48 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 28 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 14 |
| (7) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 187 |

## सड़क का पक्कीकरण

*159. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड अन्तर्गत कुकुर दौरा पंचायत के दुधैला गाँव में जनार्दन पौद्वार घर के पास मुख्य सड़क से दुधैला वीचला टोला होते हुए छता परती तक डेढ़ किलो मीटर सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के वार्ड नम्बर 11 एवं 12 में रामचन्द्र साह घर के पास लगभग 300 मीटर में काफी मात्रा में कीचड़ जमा रहने के कारण उक्त गाँव की जनता का आवागमन पूर्णतः बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करना

*160. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली और माँझा प्रखंडों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में MGSY योजना के तहत लड़ौली से गोरियाकोठी जाने वाली पथ में ध्वस्त स्क्रू पाइप पुल के स्थान पर पथरा और कर्णपुरा के बीच पुल निर्माण, धनकर हरिजन टोला और बीन टोला के बीच सारण मुख्य नहर पर पुल निर्माण एवं सारण मुख्य नहर पर बहोरा हाता में पुल निर्माण हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, गोपालगंज-2 द्वारा निविदा प्रकाशन, संवेदक चयन होने के बावजूद जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किये जाने से पुल निर्माण कार्य रूका हुआ है, जिससे आमजनों को अवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थलों पर कबतक पुल निर्माण हेतु अनापत्ति-पत्र निर्गत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पथ का निर्माण

*161. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के पथ प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक 2968(अ), दिनांक 27 नवम्बर, 2025 के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग की सिमरी-सिंहवाड़ा पथ का Feasibility Report तैयार कर विभागीय स्तर से समर्पित किया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर दो इंटर कॉलेज, एक बालिका उच्च विद्यालय, एक बालक उच्च विद्यालय, प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) एवं पावर ग्रिड जैसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचनाएँ अवस्थित है, किन्तु सड़क की कम चौड़ाई के कारण आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमरी-सिंहवाड़ा पथ के निर्माण/चौड़ीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति शीघ्र प्रदान कर कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब नहीं, तो क्यों ?

--------

## पोखर का सौंदर्यीकरण

*162. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के रक्सौल प्रखंड अन्तर्गत हरदिया पंचायत (वार्ड 2) का ऐतिहासिक पोखर जर्जर हाल में है, यदि हाँ, तो सरकार 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान के तहत जनहित में कबतक उक्त पोखर की उड़ाही, पक्का घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*163. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड काशीचक एवं पकरीवरावाँ को जोड़ने वाली सरकटी मोड़ से बौरी-भट्टा-थालपोश होते चातर मोड़ तक (लम्बाई 24 किलो मीटर) सड़क की चौड़ाई कम रहने के कारण भारी वाहनों एवं बसों के परिचालन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार सरकटी मोड़ से बौरी-भट्टा-थालपोश होते चातर मोड़ तक (लम्बाई 24 किलो मीटर) सड़क को चौड़ीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*164. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पिपरा प्रखंड के ग्राम पंचायत, निर्मली, वार्ड नम्बर 1 एवं 4 से बेला टोला सड़क से रामदत्र मंडल के निजी विद्यालय से मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क पथ तक आने वाली सड़क की स्थिति जर्जर है, जिससे आमजनों के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रजवाहा का निर्माण

*165. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान सभा क्षेत्र में नहर निर्माण होने के बाद से आजतक लांजी वितरणी एवं चेनारी वितरणी के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पानी नहीं पहुँच रही है जिसमें उक्त क्षेत्र और रजवाहा का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लांजी वितरणी एवं चेनारी वितरणी के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने एवं रजवाहा का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*166. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के फुल्लीडुमर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत, सादपुर में ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत ऐसे व्यक्तियों को भी आवास स्वीकृत एवं आवंटित किए गए हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ है तथा जिनके पास पहले से पक्का अथवा बहुमंजिला आवास है, यदि हाँ, तो सरकार फुल्लीडुमर प्रखंड की पंचायत सादपुर में ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत किए गए आवंटनों की निष्पक्ष जाँच कराकर अपात्र लाभुकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई तथा अवैध धनराशि की माँग एवं वसूली में संलिप्त दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*167. श्री राजु तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत जिला परिषद्, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा विभिन्न स्थानों पर निर्मित दुकानों के आवंटन हेतु प्रकाशित आम सूचना (PR No. 005771 (B&C) 2026-27) में दुकानों की संख्या, क्षेत्रफल आरक्षित मूल्य तथा आवंटन के मानदंडों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है, जिससे आवेदकों में भ्रम एवं असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आवंटन प्रक्रिया की जाँच कराकर आवश्यक विवरण एवं पारदर्शी शर्तों सहित संशोधित सूचना पुन: प्रकाशित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का मरम्मतीकरण

*168. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 11/अ0प्र0-07-12/2026 5170 पटना, दिनांक 29 अप्रील, 2026 के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी-1 द्वारा NH-77, शहीद प्रमोद द्वार से माधोपुर सुस्ता ग्रामीण कार्य सड़क सहित कुल 5 महत्वपूर्ण सड़कों (कुल लम्बाई 7.66 किलो मीटर) को पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल संख्या 1, मुजफ्फरपुर को हस्तांतरित किया गया है परंतु सभी पाँचों सड़के जर्जर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त पथों में वाँछित मरम्मती/पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*169. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ विधान सभा अन्तर्गत कतरीसराय प्रखंड के दरवेशपुरा पंचायत के तरौनी ग्राम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुंशी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण हेतु निविदा हो चुका है एवं संवेदक भी तय किये जा चुके हैं परंतु निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं होने के कारणों की जाँच करते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई कर पुल निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*170. श्री भीषम प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सारण नहर प्रमंडल, मैरवा के अधीन हथुआ शाखा नहर का सर्विस रोड एकल पथ है, जिसकी लम्बाई 18.30 किलो मीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क मैरवा धाम से प्रारंभ होकर आंदर प्रखंड के तियाय चकरी पथ को जोड़ने के साथ-साथ जिले के चार विधान सभा को भी जोड़ती है, साथ ही सिवान जिला से छपरा तथा उत्तर प्रदेश की सम्पर्कता बनाती है जिसके चलते भारी तादाद में इससे लोगों का आवागमन होता है और जाम की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराकर सुगम आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*171. श्री रजनीश कुमार (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के तेघड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत मधुरापुर, दुलारपुर, आधारपुर, बजलपुरा, इत्यादि गाँवों के किसानों की हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि गंगा नदी के पार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रतिवर्ष इन पंचायतों के हजारों किसान नाव के सहारे तैयार फसल एवं पशुचारा आदि नदी पारकर घर लाते हैं और इस दौरान नाव दुर्घटना का शिकार होकर जान-माल की क्षति झेलते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार ऐसे पीड़ित किसानों एवं जनहित को ध्यान में रखकर आवागमन को सुगम बनाने के लिए रबी फसल के मौसम में गंगा नदी पर एक पीपा पुल का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## आवागमन बहाल कराना

*172. श्री इन्द्रदेव सिंह (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के बड़हरिया प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय बड़हरिया से लेकर खोड़ीपाकड़ तक, परमा मोड़ (बड़हरिया) से बहादुरपुर बाजार तक तथा हनुमान मोड़ (बंजरिया) से बीबी के बंगरा तक की सड़क काफी जर्जर है जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त तीनों सड़कें एकल है जिसके चलते हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है तथा अक्सर कोई-न-कोई अप्रिय घटना घटती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित सड़कों की मरम्मती एवं चौड़ीकरण करते हुए निर्बाध गति से आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का निर्माण

*173. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखण्ड के जामो बाजार से डुमरा सेन्टर, नबीगंज होते हुए गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर (दिघवा दुबौली) तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु लगभग रूपये 115 करोड़ का प्राक्कलन तैयार कर CRIF योजना के अन्तर्गत सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति के लिए एक वर्ष पूर्व में भेजा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की शीघ्र स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का चौड़ीकरण

*174. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सोनपुर अनुमंडल के बाकरपुर कुशवाहा चौक से नयागांव बाजार, सितलपुर बाजार, दिघवारा बाजार होते हुए आमी मोड़ तक पुरानी NH-19 के सड़क जर्जर एवं संकीर्ण होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है, जिससे आमजन को समस्या होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण करके निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बांध का निर्माण

*175. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र के नैली पईन वर्तमान में लगभग मृतप्राय: हो चुकी है तथा फल्गु नदी का जलस्तर नीचे चले जाने से उसमें प्राकृतिक जल प्रवाह बाधित हो गया है, जिसके कारण सिंचाई, भू-जल स्तर एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है तथा हजारों एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार नैली पईन सहित फल्गु नदी से निकली अन्य पइनों के स्थायी पुनर्जीवन हेतु बिथों के समीप फल्गु नदी पर बीयर बांध (बैराज) के निर्माण तथा नैली पईन के मुहाने के गहरीकरण एवं अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का चौड़ीकरण

*176. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पूर्वी कोसी तटबंध पर बलुआहा से सलखुआ तक का मार्ग अत्यंत संकरा और जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन और बाढ़ राहत कार्यों में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मार्ग को कबतक चौड़ीकरण और पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*177. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पटना के मरीन ड्राइव (लोक नायक गंगा पथ) को बक्सर तक जोड़ने वाले लगभग 90 कि0मी0 लम्बे 'विश्वामित्र पथ' एक्सप्रेस-वे निर्माण की मंजूरी दी गयी है जिसके तहत पटना मरीन ड्राइव को भोजपुर जिला के कोईलवर से जोड़ने हेतु 6500 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शेष बचे कोईलवर से बक्सर तक सड़क निर्माण हेतु एजेंसी का चयन कर कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्ट्रीट लाइट लगाना

*178. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत टिकारी व कोंच प्रखंड के सभी पंचायतों के वार्डों में 2023-24, पंद्रहवीं मद से 10-10 स्ट्रीट लाइट लगाया गया था परंतु वार्ड में लगाया गया स्ट्रीट लाइट 1 वर्ष भी नहीं चला ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों को वार्डों में प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी का चयन जिला स्तर के अधिकारियों के द्वारा किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टिकारी व कोंच प्रखंड के सभी वार्डों में 10-10 स्ट्रीट लाइट लगाया हुआ जल रहा है या नहीं इसकी जांच कर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*179. मो0 तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड से टेढागाच्छ जाने वाली सड़क जो 29 कि0मी0 सड़क काफी जर्जर हो गया है, साथ ही जगह-जगह पर काफी चौड़ा गड्ढ़ा हो गया है जिसके कारण छोटे वाहन सहित बड़े वाहन को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*180. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के प्रखण्ड त्रिवेणीगंज अन्तर्गत पंचायत नन्दना वार्ड नं0-03, रोड नं0-42 से उत्तर जाने वाली सड़क भोला मंडल के घर होते हुए अररिया जिला के भरगामा सीमा तक जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*181. मो0 सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत बलिया पंचायत के फतेहपुर वार्ड नं0-12 में कब्रिस्तान होते हुए अन्धासुर जाने वाली सड़क पर पुल नहीं होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के दिनों में जल-जमाव और बाढ़ की स्थिति के कारण इस मार्ग से संपर्क पूरी तरह भंग हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर एक नए पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*182. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत परसा विधान सभा में परसा बाइपास रोड जिसकी लम्बाई 7 कि0मी0 750 मी0 है, इसका निर्माण कार्य विगत 3 वर्षों से चल रहा है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*183. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत के0टी0टी0जी0 सड़क जो अब अपग्रेड होकर एस0एच0-125 हो गई है, के निकट जल-जमाव स्थल यथा-डांगी बस्ती एवं छतरगाछ हाट के निकट जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिस कारण व्यवसायी, दुकानदार एवं आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार अपग्रेड नई सड़क एस0एच0-125 के छतरगाछ हाट एवं डांगी बस्ती के निकट में कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनः निर्माण

*184. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौडाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम विधान सभा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित खानपुर से फैरदा, मुसहरिया से रघुनाथपुर, बौराम से जमालपुर मुसहरिया सड़कों की ऊंचाई कम होने के कारण प्रत्येक वर्ष बाढ़ में ये सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान की कम ऊँचाई वाली सड़क को ऊँची कर पुनः निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*185. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद-भदवा पथ के रजोई मोड़ से बराही पथ (भाया दोसमा) रेलवे फ्रेट कॉरिडोर (DFCCIL) के भारी वाहनों के परिचालन से यह सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार Polluter Pays Principle के तहत DFCCIL से समन्वय कर इस पथ की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति देते हुए पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*186. श्री माँशरीक मृणाल (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्र के खानपुर प्रखंड में हासोपुर में बागमती नदी में निर्मित पुल के बगल से संपर्क पथ का निर्माण नहीं होने के कारण सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि में किसानों को कृषि कार्य करने में बहुत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के बगल से नीचे खेतों में जाने हेतु आर0 सी0 सी0 कलवर्ट'के साथ पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क को जोड़ना

*187. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला से गुजरने वाली फोरलेन एक्सप्रेस-वे मुंगेर को भागलपुर-झारखंड के जोड़ती है, मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के करहरिया दक्षिण पंचायत से कोई सम्पर्क पथ नहीं होने के कारण उक्त पंचायत सहित अन्य पड़ोसी पंचायतों की लगभग 25000 से भी अधिक आबादी वाले क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार दक्षिण पंचायत को उक्त फोरलेन एक्सप्रेस-वे से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य प्रारम्भ करना

*188. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया प्रखंड के कमारियाव ग्राम पंचायत के कमारियाव गाँव से उड़ियान टोला होते हुए जोगीवीर नहर तक की ग्रामीण संपर्क सड़क कच्ची है जिसके कारण ग्रामीणों को सालोभर आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही यह मार्ग का पक्कीकरण नहीं होने से उड़ियान टोला एवं आम-पास से सुदूर क्षेत्रों का प्रखंड मुख्यालय (बिहिया) और मुख्य मार्गों से सीधा संपर्क टूटा हुआ है, जिससे आपातकालीन चिकित्सा एवं कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में भारी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना के कोर-नेटवर्क (Core Network) में शामिल कर निर्माण कार्य प्रारंभ कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत भवन का निर्माण

*189. श्री नितेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत कसबा विधान सभा क्षेत्र के श्रीनगर प्रखंड के खोखा उत्तर पंचायत में पंचायत भवन नहीं होने के कारण RTPS काउंटर संचालित नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत भवन एवं RTPS काउंटर के अभाव में उक्त पंचायत के नागरिकों को जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र हेतु दूर अन्य पंचायत कार्यालय जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खोखा उत्तर पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण कर RTPS काउंटर संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड में शामिल करना

*190. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के अंतर्गत मोहनपुर प्रखंड का ग्राम पंचायत बिशनपुर बेड़ी जिसका अंचल कार्यालय एवं पुलिस थाना पूर्व से ही मोहिद्दीननगर में है, को अनुश्रणव पदाधिकारी पंचायती राज विभाग के पत्रांक 1103/पं0 रा पटना, दिनांक 15 मार्च, 2022 जो उप-सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना एवं जिला पदाधिकारी समस्तीपुर के पत्रांक 535, दिनांक 16 अक्टूबर, 2025 तथा आयुक्त दरभंगा प्रमंडल-दरभंगा के पत्रांक 1632, दिनांक 19 नवम्बर, 2025 को प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में ग्राम पंचायत, विशुनपुर बेड़ी प्रखंड मोहनपुर को प्रखंड मोहिउद्दीननगर में सम्मिलित करने हेतु कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अन्डरपास का निर्माण

*191. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत कुचायकोट प्रखंड के सासामुसा बाजार से वघउच तक जानेवाला सड्क में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ के आरेखन में सासामुसा रेलवे ढाला है जिससे ट्रेन के परिचालन के क्रम में ढाला बंद रहने से घंटो भर जाम लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेलवे ढाला पर ओवरबृज अथवा अन्डरपास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*192. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी नगर में चुना भट्ठा चौक से डेहरी स्टेशन रोड होते हुए पाली रोड, कर्पूरी चौक मुख्य बाजार होते हुए डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर चौक तक जाने वाला मार्ग अत्यधिक व्यस्त एवं संकरा होने के कारण प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों एवं व्यवसायियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मार्ग का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का स्वीकृति प्रदान करना

*193. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक संख्या 958, दिनांक 12 जुलाई, 2025 द्वारा PMGSY के तहत पटना जिला के पालीगंज प्रखंड में कुरकुरी पुल से लाखापुर होते हुए सियारामपुर तक सड़क निर्माण की तकनीकी अनुमोदन और निविदा के बावजूद उक्त सड़क सहित अन्य 12 स्वीकृत ग्रामीण सड़क निर्माण की योजनाओं को बिना कोई वजह बताए रद्द कर दिया गया, जिसके कारण संबंधित गाँवों व पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि कार्यों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के कुरकुरी पुल के लाखापुर होते हुए सियारामपुर तक सड़क समेत अन्य रद्द सड़कों को पुनः स्वीकृति प्रदान कर कबतक निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*194. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलसरा के वार्ड संख्या 01 एवं 02 के पूरब तथा ग्राम पंचायत कोशकापुर उत्तर के मध्य स्थित मरिया नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण बेलसरा एवं कोशकापुर उत्तर पंचायत के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*195. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अंतर्गत मानपुरा पंचायत में प्रेमशंकर भंडारी के घर से संस्कृत विद्यालय कस्बे आहर होते हुए राजखण्ड मुख्य सड़क तक तथा रामापुर महेश पंचायत के सलेमपुर वार्ड सं0 1 से मानपुरा पंचायत के साधु गाछी वार्ड सं0 8 तक सड़क का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवासीय परिसर का निर्माण

*196. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव तथा सन्हौला प्रखंड कार्यालय के भवन निर्माण के लिए 16,62,10000 (सोलह करोड़ बासठ लाख दस हजार रुपये) प्रत्येक प्रखंड के लिए निविदा प्रकाशित की गई है, जिसमें दोनों प्रखंडों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कहलगाँव प्रखंड में आवासीय परिसर नहीं है, जबकि सन्हौला प्रखंड का आवासीय परिसर 1960 ई0 में बना हुआ है जो अत्यंत पुराना एवं जर्जर है, जिसमें अधिकारियों को रहने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सुचारू कार्य संचालन और सुविधा हेतु नए आवासीय परिसर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*197. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रखंड छपरा 2 का पथ इसुआपुर बाजार पुराना थाना भवन SH-90 से ग्राम-विशुनपुरा होते हुए इसुआपुर-टेढा (MR-3054) पथ एवं इसुआपुर बाजार SH-90 के प्रखंड विकास कार्यालय, इसुआपुर होते हुए ग्राम टेढा पथ अत्यंत ही उपयोगी एवं व्याप्त पथ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों की चौड़ीकरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*198. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लु गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड रामगढ़वा में पखनहिया जैतापुर पथ में पेट्रोल पम्प से कोहबरवा ग्राम होकर डैनिया टोला जाने वाली 2 कि0मी0 ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है साथ ही कोहबरवा ग्राम में जल-जमाव की स्थिति हमेशा बनी रहती है, जिसके कारण निकटवर्ती आबादी को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*199. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के जहानाबाद प्रखंड के टाली सलेमपुर सड़क से लाल से बीघा होते हुये बलवापर से गुलजारबाग महादलित टोला किनारी पुरानी बाजार सड़क दलित एवं पिछड़ा बहुल इलाका है जो कि सड़क विहीन है, जिससे निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*200. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखण्ड के बलहा पंचायत के बलहा गांव में कमला नदी पर पुल नहीं रहने के कारण जन-समुदाय को आवागमन में कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*201. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक शौचालय, नली-गली, सार्वजनिक चापाकल, सोलर लाइट तथा अन्य पंचायत स्तरीय विकास योजनाएँ अधूरी हैं अथवा निर्माण के बाद भी उपयोग में नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार पंचायतवार अधूरी एवं अनुपयोगी योजनाओं का विवरण, स्वीकृत राशि, व्यय की गयी राशि कार्यदायी एजेंसी तथा निर्माण पूर्ण कराने एवं जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों, अभियंताओं तथा कार्यान्वयन एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*202. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद् क्षेत्र अन्तंर्गत चाँदनी चौक से दक्षिण एवं पश्चिम भाग में जिला परिषद्, अररिया द्वारा बहुमंजिला व्यावसायिक इमारत का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित इमारत का निर्माण बिना नगर परिषद् से नक्शा पास कराये किया जा रहा है, जिससे सरकार को लाखों रुपये की क्षति हुयी है, साथ ही निर्माणाधीन इमारत में पार्किंग की भी व्यवस्था नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*203. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कोढ़ा प्रखंड की चंदवा पंचायत के वार्ड संख्या 10 स्थित संथाली टोला (कालीघाट) के समीप कारी कोसी नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय, विशेषकर अनुसूचित जन-जाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*204. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के तेजपुरवा गांव के पास गेहुआ नदी पर मिथिलेश राज डिलर के घर के पास पुल नहीं होने के कारण नदी के उस पार आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ओवरब्रिज बनाना

*205. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चौसा मोहनियाँ रोड NH-319A रामगढ़ बाजार के बीचो-बिच गुजरता है जिस पर अत्यधिक तादाद में भारी वाहन गुजरते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अत्यधिक बड़े वाहनों के गुजरने से कैमूर जिला के रामगढ़ बाजार में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है साथ ही जाम लगने के कारण एम्बुलेंस, स्कूल वाहन एवं राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामगढ़ बाजार में चौसा मोहनियाँ रोड NH-319A पर ओवरब्रिज बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर का निर्माण

*206. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत सिंहवाड़ा-माधोपुर-बस्तवाड़ा पंचायत के माधोपुर चौड़ में फुलथुआ सीमा के पास बने पुल से बाढ़ के पानी की निकासी बाधित होने से लगभग 400 एकड़ उपजाऊ जमीन 5-6 महीनों तक जलमग्न रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि फुलथुआ गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा निजी भूमि का हवाला देकर पानी की निकासी को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थल निरीक्षण व अमीन द्वारा पैमाइश कराकर, जनता की भूमि का मुआवजा प्रदान करते हुये भूमि अधिग्रहण करने और पानी की निकासी के लिये पक्की नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*207. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के जीरो माईल, सदर अस्पताल, अररिया चांदनी चौक होते हुये एस०एस०बी० कैम्प तक राष्ट्रीय उच्च पथ 327 ई० में सर्विस सड़क एवं फ्लैंक का स्थानीय व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण एम्बुलेंस को अस्पताल जाने में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित पथ में चांदनी चौक से दक्षिण पश्चिम भाग में जिला परिषद् द्वारा सड़क की भूमि का अतिक्रमण कर बहुमंजिला व्यावसायिक इमारत बनाया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*208. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बेलछी प्रखण्ड स्थित अन्दौली दरवेशपुरा पंचायत के ग्राम-कैमा के पूर्व में स्थित शिव मंदिर से लेकर नरपति स्थान (मेन रोड) तक लगभग 1.5 किलो मीटर कच्ची सड़क रहने के कारण बरसात के दिनों में आमजनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*209. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मसौढ़ी से एकंगरसराय (एस०एच० 100) पथ भाया ओकरी, ओकरी बाजार में मौजूदा आबादी के अनुपात में सड़क संकीर्ण है एवं बाजार होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है और आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को चौड़ीकरण करते हुये ओकरी बाजार में बाइपास निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*210. श्री विमल राजवंशी (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रजौली-बख्तियारपुर एन०एच०-20 फोरलेन के निर्माण के उपरांत सड़क एवं ओवरब्रिजों में दरारें तथा रजौली-सिरदला SH-20 सर्विस रोड पर जल निकासी के अभाव में वर्षभर जल-जमाव की स्थिति बनी हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई एवं सभी खामियों का स्थायी समाधान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*211. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के रूपौली विधान सभा अन्तर्गत मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत 7 पुलों का टेंटर प्रक्रिया के उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं की गयी है, जिसके कारण क्षेत्र के आम जनमानस को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार शेखपुरा घाट, घोशय घाट, विसहरिया घाट, बघवा धार, डुमरी घाट, दिनासिंह बासा धार, बोचाई धार टोपरा में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*212. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के समस्तीपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत चैती दुर्गा स्थान, दुधपुरा चौक से रेलवे गेट संख्या 55 होते हुये डायमंड रिसोर्ट, पूसा तक जाने वाली सड़क जो वर्तमान में अत्यंत संकीर्ण एवं जर्जर होने के कारण आमजन, विद्यार्थियों, किसानों एवं अन्य राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव रोकना

*213. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत पंचायतों-चांदपारा, बिघोर, चापाखोर, हरनारोई एवं दासग्राम में महानंदा नदी के तीव्र कटाव से अनेक परिवार बार-बार विस्थापित हो रहे हैं तथा उनकी कृषि योग्य भूमि नदी में समाहित हो रही है, जिससे आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदियों से हो रहे कटाव को रोकने हेतु कटाव रोधक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*214. <u>मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में बंग्लाकोल से महलगांव पथ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2015 में संवेदक द्वारा प्रारंभ किया गया था, परन्तु संवेदक और विभागीय अभियंताओं की लापरवाही के कारण आजतक उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे उक्त पथ पर आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त पुल का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*215. <u>श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत खैरी घाट धनौती नदी में पुल नहीं होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*216. <u>श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत पताही प्रखंड के पताही यदू कोदरिया से सुगापिपर तक जाने वाली 8.1 किलो मीटर सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यह सड़क शिवहर जिला मुख्यालय को जोड़नेवाली प्रमुख मार्ग है जिस पर प्रतिदिन हजारों छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है, सड़क संकीर्ण होने से भारी ट्रैफिक रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क बनाना

*217. <u>श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड के फतेहा पंचायत में एन०एच० 28 से फतेहा ग्राम होते हुये सड़क जो कोयला चौर तक जाती है, काफी जर्जर है, जिससे ग्रामीणों, किसानों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*218. <u>श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के डोभी प्रखण्ड के नदरपुर पंचायत के इनवोरवा नदी पर गरबैया बेदौली पथ के बीच पुल नहीं है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वीकृति प्रदान करना

*219. <u>श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वीरपुर प्रखंड के भवानंदपुर पंचायत एवं चेरियाबरियारपुर विधान सभा क्षेत्र के पावड़ा के बीच बूढ़ी गंडक नदी पर पुल निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अन्तर्गत जिला संचालन समिति की

प्राथमिकता सूची में क्रमांक 07 पर अनुशंसित होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के निर्माण हेतु ली गयी प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराते हुये यथाशीघ्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*220. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के बकरा घाट पर मोची टोला (अधांग) से बकरा के आरेखन पर चैनेज 1.1 किलो मीटर पर उच्चस्तरीय RCC पुल निर्माण हेतु विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत संवेदक द्वारा पुल निर्माण का कार्य नहीं कराया गया है, जिससे अमौर प्रखण्ड के 03 पंचायत के 50 हजार की आबादी प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने से अमौर प्रखण्ड के तियरपारा, पोठिया गंगेली पंचायत के लोगों को प्रखण्ड मुख्यालय एवं अस्पताल अधिक दूरी तय करके जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त घाट पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्ट्रीट लाइट लगाना

*221. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के प्रखंड मधुबनी अन्तर्गत 'धनहा पुल' पर रात के समय अत्यधिक अंधेरा रहने के कारण लगातार चोरी की घटनाएं और सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल पर स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा देना

*222. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मनुषमारा जल निर्माण योजना के तहत वर्ष 2013 में स्पील चैनल (नहर) का नवनिर्माण बसौल बेलसंड से घरहरवा औराई प्रखंड के लखनदेई नदी तक किसानों के निजी जमीन पर नहर का कार्य किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों के भूमि का गजट हो चुका है लेकिन किसानों को जमीन का मुआवजा अभीतक नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनुषमारा जल निर्माण योजना अन्तर्गत अधिग्रहण की गयी जमीनों का मुआवजा कबतक किसानों के बीच वितरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*223. श्री महेश पासवान (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड गड़दनी के अगिआंव मुख्य पथ से ग्राम-शिवपुर होते हुये गोंडा तक जानेवाली सड़क का निर्माण नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*224. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी बस स्टैण्ड एन०एच० 107 से बनमनखी जक्शन जानेवाली पथ काफी संकीर्ण रहने के कारण उक्त पथ पर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई करना

*225. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के PMGSY से रजवारा महादलित टोला तक जानेवाली लगभग 03 कि०मी० सड़क का टेंडर वर्ष 2019-20 में ही स्वीकृत हुआ था, लेकिन अबतक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य अबतक पूर्ण नहीं होने के मामले में अनावश्यक विलंब के लिये संबंधित संवेदक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने एवं संवेदक पर विलंब के लिये कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*226. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के वजीरगंज प्रखण्ड के भोजपुर से बनियाडीह पथ में लगभग 800 मीटर पथ निर्माण कार्य वन विभाग का क्षेत्र पड़ने के कारण अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीण कार्य विभाग एवं वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर उक्त 800 मीटर पथ निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार

*227. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड में रसलपुर मेन रोड में रसलपुर पुरानी बाजार मेन रोड तक 04 कि०मी० में जमींदारी बांध विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमींदारी बांध का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला निर्माण

*228. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर बाजार प्रखंड के अधीन SH-59 सोनवर्षा राज-बैजनाथपुर मुख्य मार्ग स्थित भपटियां गांव में वर्षा के दिनों में जल-जमाव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने हेतु नाला निर्माण का प्राक्कलन विभाग को समर्पित किया गया है तथा पैमाईश हेतु अंचलाधिकारी, सौर बाजार से मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सहरसा के पत्रांक 1053, दिनांक 4 अगस्त, 2025 द्वारा अनुरोध किया गया है, परन्तु विभाग के द्वारा अबतक प्राक्कलन की स्वीकृति नहीं मिली है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ को जल-जमाव से मुक्ति दिलाने हेतु नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव-रोधक कार्य कराना

*229. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसडा (अ0 जा0)) -क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत कमलपुर स्थित बागमती नदी के दाहिने तटबंध के 18वें किलो मीटर पर कटाव-रोधी तटबंध/सुरक्षा कार्य लगभग 20 वर्षों से अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे कटावरोधी तटबंध/सुरक्षा कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*230. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया, चनपटिया एवं नरकटिया-गंज फोरलाइन पथ से वसन्तपुर जाने वाली RWD सड़क क्षतिग्रस्त है जिसकी लंबाई 2.5 किलो मीटर है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार 2.5 किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विस्थापित परिवारों को निबंधन के संबंध में

*231. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत वर्ष 1971 72 में गंगा पुल परियोजना के तहत महात्मा गाँधी सेतु निर्माण के समय 514 विस्थापित परिवारों को बसाने हेतु सरकार द्वारा विस्थापितों को प्लॉट आवंटन कराया गया था, साथ ही प्लॉट के निबंधन हेतु ससमय प्रतिफल राशि भी सरकार ने विस्थापितों से बैंक में जमा करायी थी, जिसमें 386 लोगों का निबंधन हुआ था, इसके उपरांत 2022 तक कुछ लोगों का निबंधन हुआ है, परन्तु अभी भी कई लोगों का निबंधन प्रतिफल राशि की रसीद रहने के बावजूद नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त लोगों का निबंधन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेट हाईवे बनाना

*232. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल-01 गोपालगंज एवं कार्य प्रमंडल हथुआ के अधीन जादोपुर-बसडीला-थावे-अरना-लाइन बाजार पथ अवस्थित है, जो गोपालगंज जिला के 4 प्रखंडों गोपालगंज सदर, थावे, हथुआ और उचकागांव को जोड़ता है जिसकी लम्बाई 30 कि0मी0 है जो आज भी एक लेन का है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ को स्टेट हाईवे के रूप में विकसित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का चौड़ीकरण

*233. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण के बेतिया-लौरिया राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-727) स्थित शनिचरी चौक से चुहड़ी बाजार होते हुए महना चौक से लोहियरिया चौक तक तथा घोंघा चौक से सरिसवा बाजार तक बढ़ते यातायात के कारण सड़क की वर्तमान चौड़ाई अपर्याप्त हो गई है, जिससे प्रतिदिन जाम एवं सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति उत्पन्न होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों मार्ग चनपटिया विधान सभा क्षेत्र के हजारों लोगों, किसानों एवं व्यवसायियों की दैनिक आवाजाही के प्रमुख मार्ग हैं तथा क्षेत्र के व्यापार एवं कृषि परिवहन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी कराना

*234. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)- -क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के पिपरा, कुसमाहा, अमाहरा, मजुआ एवं अन्य पंचायतों कें प्रत्येक वर्ष बाढ़ की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है जिसकी पूर्व सूचना के बावजूद तटबंधों की मरम्मत, कटावरोधी कार्य, नदियों की उड़ाही एवं जल निकासी के आवश्यक कार्य समय पर नहीं कराए जाते हैं जिसके कारण प्रतिवर्ष जन-धन, फसलों एवं सार्वजनिक संपत्तियों की भारी क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र में बाढ़ से बचाव हेतु तटबंधों के सुदृढ़ीकरण, कटावरोधी कार्य, नदियों की उड़ाही एवं जल निकासी योजनाओं की शीघ्र स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*235. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के उत्तर माडर पंचायत के खोनमा धार बेलौर, बोच घसका एवं कामाथान स्थित मृतप्राय: कमला नदी पर पुल निर्माण के लिए पूर्व में निविदा (टेंडर) की प्रक्रिया पूरी की गई थी, किंतु तकनीकी कारणों से उसे रद्द कर दिया गया है, पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीनों स्थानों पर पुल निर्माण के लिए पुन: निविदा आमंत्रित कर निर्माण कार्य प्रारंभ कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि देने हेतु

*236. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पंचायती राज विभाग के संकल्प संख्या 06प/नि0प्र0/अनु0अनु0-05/2025/8116/पं0रा0, पटना के दिनांक 27 जून, 2025 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों को निर्वाचित घोषित होने की तिथि से पद पर बने रहने तक के दौरान हुई मृत्यु पर अनुदान राशि पाँच लाख स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड के ग्राम+पोस्ट-कल्याणपुर उत्तर के निवासी ममता देवी के पति दिनेश दास का वार्ड संख्या 3 के वार्ड सदस्य रहते दिनांक 05 नवम्बर, 2025 को मृत्यु हो गई थी, जिसका अनुदान राशि अभीतक नहीं मिला है, जबकि उक्त संबंध में दिनांक 20 जनवरी, 2026 के प्रखंड विकास पदाधिकारी, विभूतिपुर को आवेदन भी दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आश्रित ममता देवी को अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*237. श्री अरूण कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-96 बरूराज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड में महवल से कोरीगाँवा एवं ढिकहाँ से बरदही पुल तक सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण आमजनता एवं छोटे तथा बड़े वाहन को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*238. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सहरसा से मेनहा, खोनहा, बिहरा एवं पंचगछिया होते हुए नौहट्टा बस स्टैंड तक जाने वाली सड़क उस क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली एकमात्र प्रमुख एवं अत्यंत व्यस्त सड़क सिंगल लेन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर प्रतिदिन भारी यातायात का दबाव रहने तथा सड़क संकरी होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती है, जिससे आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*239. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चैलहा से बेला नहर तक पथ का निर्माण हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में बुढ़वा नदी में लगभग तीन वर्ष पूर्व पुल का निर्माण हो चुका है, लेकिन पुल अप्रोच रोड का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के पुल का अप्रोच पथ का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*240. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कदवा विधान सभा क्षेत्र में महानंदा नदी के पूर्वी तटबंध (मीनापुर से सबनपुर ढलान, कुसुम होते हुए शिकारपुर पंचायत तक) के अनेक स्थानों पर कटाव, क्षरण एवं जर्जर स्थिति के कारण सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तटबंध के सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*241. श्री रामानन्द मंडल (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अन्तर्गत किरणपुर पंचायत के किरणपुर और किशनपुर गाँव से बुनबुना नदी तक एवं टोरलपुर पंचायत के मुस्तफापुर गाँव में सिकन्दर महतो के घर से गड़खय सोती तक नाला का निर्माण कार्य नहीं कराए जाने के कारण सैकड़ों एकड़ खेती करने योग्य भूमि पर जल जमाव की समस्या के कारण किसानों को आर्थिक क्षति पहुँच रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर कबतक नाला निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है , नहीं, तो क्यों ?

नहर का पक्कीकरण

*242. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमुर जिलान्तर्गत दुर्गावती मुख्य नहर की कुल लम्बाई 34.87 कि०मी० है, मुख्य नहर से कुल 09 वितरणियाँ एवं 01 लघु नहर निकलती है, जिसकी कुल लंबाई 82.23 कि०मी० है, जिसमें दुर्गावती मुख्य नहर से 800 हेक्टेयर एवं सभी वितरणियों से 18150 हेक्टेयर कुल मिलाकर 18950 हेक्टेयर में खेतों की सिंचाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुर्गावती मुख्य नहर एवं सभी वितरणियों के पक्कीकरण नहीं होने से Seepage loss होने से सभी वितरणियों के अन्तिम बिन्दु तक पानी नहीं पहुँच पाता है तथा पानी के बहाव में रुकावट होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुर्गावती मुख्य नहर एवं वितरणियों को पक्कीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*243. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत पारू प्रखंड के बाया जगदीशपुर में आंगनबाड़ी केंद्र , जगदीशपुर धर्म से कपिल राय के खेत तक जाने वाली ग्रामीण सड़क का ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा पूर्व में सर्वे (सर्वे आईडी-29815) कर लिया गया था, परंतु सर्वे होने के लंबे समय बाद भी विभाग द्वारा इस दिशा में आगे की कोई प्रशासनिक या निर्माण संबंधी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और छोटे बच्चों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सर्वेक्षित सड़क का निर्माण कार्य कबतक प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*244. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने कीं कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर प्रखंड के जलालपुर-बैसपुरा पथ (नयका रोड) में ग्राम-कौवाखोंच से पिपरी तक सड़क का निर्माण (कालीकरण) अधूरा रह गया है और सड़क टूट गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पथ में टूट हुए भाग का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*245. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या 229-बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के फतेहपुर प्रखंड अन्तर्गत दुन्दु-बगई के बीच ढाढ़र नदी पर पुल का निर्माण नहीं रहने के कारण क्षेत्र की जनता को अस्पताल और प्रखंड मुख्यालय आने में काफी कठिनाई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर आर.सी.सी. पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारी पर कार्रवाइ करना

*246. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूणियाँ जिला सहित बिहार में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 11.70 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, किंतु अबतक केवल 10.59 लाख लाइटें ही लगाई जा सकी हैं तथा इसमें भी लगभग 2.16 लाख लाइटें खराब पड़ी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्ष्य पूर्ण नहीं होने तथा इतनी बड़ी संख्या में सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने के लिए जिम्मेदार एजेंसी एवं पदाधिकारी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिम्मेदार एजेंसी एवं संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई करने तथा लक्ष्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

योजना की स्वीकृति देना

*247. श्री रुहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के इस्लामपुर प्रखंड अन्तर्गत देखवाहा पंचायत में पीरबीघा छिलका से खरजमा, मिर्जान बिगहा होते हुए मुरला बिगहा तक लगभग 20 किलो मीटर पईन का निर्माण नहीं होने के कारण किसनों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे कृषि कार्य एंव फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक पईन निर्माण योजना स्वीकृत कर शीघ्र निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो वंयों ?

---------

सिंचाई योजना चालू कराना

*248. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के संदेश प्रखंड, अंतर्गत संदेश पंचायत के त्रिकौल ग्राम में त्रिकौल उद्वह सिंचाई योजना जो लघु सिंचाई प्रमंडल, आरा के अधीन है, विगत कई वर्षों से बंद रहने के चलते किसानों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार किसान हित में त्रिकौल उद्वह सिंचाई योजना को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पक्कीकरण कराना

*249. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरुआ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलांतर्गत गुरुआ प्रखंड के पंचायत गुनेरी टोला पचमा,देवचरण बिगहा एवं बर्मा पंचायत के महादलित टोला सहित गुरुआ विधान सभा क्षेत्र में अभीतक बहुत सारे टोले-मुहल्ले की गली-नाली को पक्कीकरण कर मुख्य सड़क से जोड़ा नहीं जा रहा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वंचित मुहल्ले का सर्वे करा कर पक्कीकरण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन बहाल करना

*250. श्री बैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या- 23 रीगा) --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत अन्हारी मंदिरं से भगवानपुर चौक तक सड़क पूर्णत: जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पथ भोरहा से भगवानपुर का पथांश है, जो सीतामढ़ी और शिवहर जिले के साथ-साथ अभियंत्रण महाविद्यालय को भी सड़क मार्ग से जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पथ के संपूर्ण पथांश का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराने अथवा क्षतिग्रस्त पथ को तत्काल आवागमन बहाल करने के लायक बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*251. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज से लौरिया जाने वाले PWD (RCD) सड़क में जूरी मियां के टोला चौक से भाया केहुनिया होते हुए अनुमंडल मुख्यालय नरकटियागंज, लौरिया PWD (RCD) पथ से भाया रोआरी ग्राम होते हुए नोनिया एवं अंजुआ चौक से तेदेहरवा तक एवं अन्य सड़के जर्जर एवं जल-जमाव की स्थिति में हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

----------

दोषी पर कार्रवाई

*252. श्री सामीद वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलांतर्गत सिकटा विधान सभा क्षेत्र (9) के अंतर्गत बैसाखवा से सिकटा एवं परसा से जागीराहा ग्रामीण सड़कों के निर्माण/मरम्मत कार्य में अत्यंत घटिया स्तर की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है , यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच अविलंब कराते हुए दोषी संवेदक को काली सूची में डालने तथा दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य प्रारंभ कराना

*253. मो० फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के ढाका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका के अधीन भंडार चौक से सपही होते हुए जमुआ घाट तक जाने वाली सड़क का एक किलो मीटर भाग प्रतिवर्ष बाढ़ एवं नाला के पानी के बहाव से क्षतिग्रस्त हो जाता है, जिसके कारण वर्तमान में एफ०डी०आर० के अंतर्गत ईंट सोलिंग का अस्थायी कार्य पूर्व में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के स्थायी पुनर्निर्माण हेतु पुनरीक्षित डी०पी०आर० विभाग में समर्पित है, किन्तु अबतक उसकी स्वीकृति नहीं मिलने से आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुनरीक्षित डी०पी०आर० स्वीकृति प्रदान कर स्थायी निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*254. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गोरौल प्रखंड, पटेढ़ी बेलसर प्रखंड एवं वैशाली प्रखंड में पटवन के लिए लगाये गये नलकूप क्षतिग्रस्त है या बंद पड़े है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूपों से संबंधित नाला भी क्षतिग्रस्त है और खेतों तक इसका विस्तार नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित प्रखंडों के क्षतिग्रस्त अथवा बंद पड़े नलकूपों को चालू कराते हुए संबंधित नालों की मरम्मती के साथ-साथ खेतों तक इसका भूमिगत विस्तार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*255. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र में दिलावरपुर पंचायत के श्रीराम चौक से बाबा टोला करनानी टोला होते हुए दिलावरपुर उच्च विद्यालय तक और बलमी सिरसिया नवसृजित प्राथमिक विद्यालय से हरि सिंह के घर तक पक्की सड़क सहित एक दर्जन पथों के निर्माण हेतु सितम्बर, 2025 में निविदा निकाली गयी थी जिसे दिसम्बर, 2025 में रद्द कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पथों के निर्माण हेतु पुन: निविदा दिसम्बर, 2025 में ही प्रकाशित की गयी परंतु अभीतक पथों का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई

*256. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत गौरीपुर पंचायत के गौरीपुर, शाहनगर होते हुए गंगानगर की ओर जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है तथा बरसात में यह जलमग्न हो जाता है, इस सड़क के निर्माण तथा जीर्णोद्धार में संवेदक तथा विभागीय अधिकारियों की भारी अनियमितता बरती गयी है, जिससे आम जनमानस को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार दोषियों पर कार्रवाई करते हुए कबतक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*257. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत महुआँव पंचायत में पुनपुन नदी पर पुल एवं संपर्क पथ निर्माण की योजना पूर्व से प्रस्तावित है, किन्तु आजतक इसका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, जिसके कारण हजारों ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उपज के परिवहन तथा आपातकालीन सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और वर्षा ऋतु में क्षेत्र का संपर्क प्राय: बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर प्रस्तावित पुल एवं संपर्क पथ निर्माण परियोजना को कबतक स्वीकृत कर निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*258. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर (पूर्वी) द्वारा मुरौल प्रखंडान्तर्गत सम्भा रामज्ञान मिश्र के घर से सम्भा सहनी टोला एवं सम्भा भगवती स्थान से प्राथमिक विद्यलाय, सम्भाखोर तक जाने वाली पथ में संवेदक द्वारा ससमय कार्य नहीं किये जाने के कारण उसे काली सूची में डाल दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में जे०एस०बी० कार्य के उपरांत संवेदक द्वारा काम छोड़ दिये जाने से रोड की स्थिति काफी जर्जर हो जाने से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पुन: निर्माण

*259. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत साहेबगंज प्रखंड में पकड़ी बसारत से फुलसकड़ा तक कुल लम्बाई 2.20 कि०मी० सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर हो गया है, जिससे आमजनों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामीण सड़कों को पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*260. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामपुर प्रखंड के ग्राम-वर्ली तथा ग्राम-अहिरांव में पक्की सड़क एवं नाली न होने के कारण ग्रामवासियों तथा राहगीरों को सालो भर आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पर रहा है, यदि हाँ, तो सरकार रामपुर प्रखंड के ग्राम-वर्ली तथा ग्राम-अहिरांव में पक्की सड़क के साथ पक्की नाली निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*261. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर शहर में भोलानाथ पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण आस-पास के क्षेत्रों में निवास करने वाले हजारों परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण कार्य के कारण पुल एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही है तथा यह शहर का प्रमुख मार्ग होने के कारण लगातार यातायात बाधित रहता है और दुर्घटनाएँ भी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*262. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखंड के शम्भुआर, खजूरी पंचायत में स्थित नलकूप मोटर खराब एवं ऑपरेटर के अभाव में बंद और नलकूपों से संबंधित नाला का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूप को चालू एवं नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*263. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी-बिक्रमगंज पी०डब्लू०डी० पथ से इटिम्हा नोनार पथ गुजरती है, जो सासाराम-आरा पथ को नोनार के पास जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में सकला राजवाहा पर बना पुल जर्जर हो चुका है, जिस कारण 0 कि०मी० पर बैरियर लगाकर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 08 माह से भारी वाहनों का आना-जाना आर०ई०ओ० पथ घरवासडीह, बुढ़वल से हो रहा है, उसमें भी बुढ़वल पथ में कल्भर्ट टुआ हुआ है, जिस कारण दुर्घटना घटने की प्रबल संभावना बनी हुई रहती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई

*264. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 27 जून, 2026 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''बिहार की सोलर लाइट योजना पटरी से उत्तरी'' के आलोक में क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 8053 पंचायतों में मार्च, 2026 तक 11.70 लाख सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एजेन्सियों और विभाग की लापरवाही एवं गड़बड़ियों के कारण अभीतक लगभग 10.59 लाख लाइटें ही लगी है। जिसमें से 2.16 लाख बंद पड़ी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लापरवाही और गड़बड़ियों की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

तटबंध का निर्माण

*265. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड विधान सभा क्षेत्र के सुरसंड प्रखंड रातो नदी पर कई वर्ष पूर्व से ही तटबंध निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, जो अबतक पूरा नहीं हो सका है, जिससे ग्राम-श्रीखण्डी, भिट्ठा, कोरियाही, सिमियाही एवं अन्य कई ग्रामों के निवासियों को बाढ़ एवं जल-जमाव से परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के तटबंध के छूटे हुए भाग का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*266. डॉ0 सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिले के गर्दनीबाग कच्ची तालाब सूर्यमंदिर से सरिस्ताबाद से 70 फीट फोरलेन बाइपास एन0एच0 31 तक सड़क का निर्माण 10 माह से चालू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण कराने वाली एजेन्सी द्वारा पिछले चार (4) माह से सड़क को गड्ढा करके छोड़ दिया गया है, जिससे बरसात का पानी जम जाने के कारण आमजनता स्कूल जाने वाले बच्चों को कठिनाई हो रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण मानक प्राक्कलन के अनुरूप न करते हुए सड़क की चौड़ाई कम करके घटिया मेटेरियल द्वारा किया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क निर्माण कार्य की जाँच करवाते हुए दोषी एजेन्सी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिंग बाँध को पक्कीकरण

*267. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लोकही प्रखंड महादेव मठ चौक के निकट कोशी रिंग बाँध की स्थिति जर्जर रहने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रिंग बाँध को पक्कीकरण कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निविदा पुनः प्रकाशित करना

*268. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के माँझा प्रखंड अन्तर्गत MMGSY (अवशेष) योजना के तहत सहलादपुर बाँध ढाला से बीरती टोला, निमुईयाँ (3.03 किलो मीटर) और गौसिया बी0 टी0 रोड से बीरती टोला, निमुईया (1.565 किलो मीटर) पथ की प्रकाशित निविदा अभियंता प्रमुख के पत्रांक 1002, दिनांक 30 अप्रील, 2026 के द्वारा निरस्त एवं बरौली प्रखंड में विशुनपुरा में सिधवलिया वितरणी नहर 7.5RD पर गुलजार रावत के घर के पास पुल निर्माण (11.70 मीटर), जलपुरा और बथुआ के बीच पुल निर्माण (27.80 मीटर) और माँझा प्रखंड में छितैली संतपुर के बीच पुल निर्माण (32.200 मीटर) की प्रकाशित निविदा को अभियंता प्रमुख के पत्रांक 1654, दिनांक 30 अप्रील, 2026 के द्वारा निरस्त किये जाने के कारण पथ का निर्माण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निरस्त निविदा को पुनः प्रकाशित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का नवनिर्माण

*269. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के आदापुर प्रखंड की भेड़िहारी पंचायत के बैरिया और भवनरी के बीच डोरवा नदी पर स्थित पुल अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण बेलवा-भेड़िहारी पंचायत के आमजनों सहित भवनरी डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का नवनिर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट-सह-पुल का निर्माण

*270. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड में जल संसाधन विभाग के कार्य प्रमंडल शेखपुरा के अधीन कौड़ीहारी नहर में तनपुरा मोड़ के निकट पूर्व से बना स्लूईस गेट-सह-पुल क्षतिग्रस्त रहने के कारण तनपुरा, सिलौर सहित कई ग्रामों के हजारों एकड़ सिंचित भूमि की सिंचाई नहीं हो पाती हैं एवं क्षतिग्रस्त पुल को टूटने से किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक स्लूईस गेट-सह-पुल का पुनर्निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर0सी0सी0 पुल का निर्माण

*271. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के प्रखंड किशनपुर अन्तर्गत अन्दौली से सुखासन जाने वाली सड़क में लोहे का पुराना पुल क्षतिग्रस्त हैं तथा सिसौनी से राजपुर होते हुए बैरिया पलार रोड में राजपुर नहर पर निर्मित पुल टेढ़ा, संकीर्ण एवं जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों में निर्मित पुल काफी पुराना एवं जर्जर होने के कारण यातायात का गति हमेशा अवरुद्ध रहता है तथा हमेशा दुर्घटना होते रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर क्षतिग्रस्त पुराने पुल की जगह नया आर0सी0सी0 पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*272. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड में शिवसागर-चेनारी मुख्य पथ से ग्राम-चंदनपुरा, सदोखर होते हुए ग्राम-मगजपुरा (दलित बस्ती) तक एवं चेनारी-सदोखर पथ से ग्राम-दतौली, बभनगवा होते हुए ग्राम-पेवनदी (महादलित बस्ती) तक के निर्माणाधीन सड़क में घोर अनियमितता बरती जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों के निर्माण करा रहे दोषी संवेदक एवं विभागीय अभियंता पर जाँच कराकर कार्रवाई एवं सड़क की गुणवत्ता सहित कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*273. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर बोचहां विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन जलालाबाद गाँधी चौक से पंचायत भवन, अहियापुर चौक से राघोपुर चौराहा होते हुए मिठनपुरा चौक, झपहा बाजार से भीखनपुर बिसहर स्थान, अहियापुर चौक से जियालाल राय चौक होते हुए शेखपुर माई स्थान तथा अहियापुर स्थित गणपति विवाह भवन के सामने से बाँध तक जाने वाली सड़कों सहित अन्य ग्रामीण सड़कों पर समुचित जल निकासी की कमी के कारण वर्षभर जल-जमाव रहता है जिससे सड़कें जर्जर हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों सहित बोचहां क्षेत्र की अन्य प्रभावित ग्रामीण सड़कों की विशेष मरम्मत कराने तथा दोनों ओर स्थायी जल निकासी व्यवस्था हेतु पक्के नालों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*274. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान सभा के प्रखंड कतरीसराय अन्तर्गत पंचायत सरकार भवन, कटौना एवं बिलारी के निर्माण कार्य का स्थलीय जाँच, संयुक्त जाँच दल की उपस्थिति में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत सरकार भवन, कटौना में घटिया सामग्री का उपयोग के साथ-साथ ईंट जुड़ाव हेतु तैयार मसाला में सिमेन्ट की मात्रा कम पाई गई थी तथा पंचायत सरकार भवन, बिलारी में प्लास्टर पर पानी का पटवन, टाइल्स का सही ढंग से नहीं लगाया जाना एवं वालपुट्टी सही से नहीं किया जाना पाया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किये जाने के कारण अभियंता सहित संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल की निकासी

*275. श्री भीषम प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखंड के नगर पंचायत मैरवा, ग्राम पंचायत राज बड़गाँव तथा बभनौली के दर्जनों गाँवों यथा मोतीछापर, नवका टोला, थाना रोड, नई बाजार, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, बैकुंठ छापर, बड़गाँव, कविता, भोपतपुरा, लँगड़पूरा आदि गाँवों में जल निकासी नहीं हो रही है, जिसके कारण उक्त गाँवों में जल-जमाव की वजह से लगभग 800 एकड़ से अधिक भूमि पर लगे फसलों की प्रतिवर्ष क्षति हो जाती है जिससे लोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों से जल निकासी कराकर किसानों के हित में भूमि को कृषि योग्य कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पद पर बहाली कराना

*276. श्री रजनीश कुमार (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के लगभग सभी पंचायतों में पंचायत सचिव, लेखापाल, राजस्व कर्मचारी इत्यादि की संख्या स्वीकृत पदों के विरुद्ध कम है और इससे पंचायतों के कार्यों का निपटारा समय से नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलों के 215 पंचायतों के लिए मात्र 43 एवं तेघड़ा प्रखंड के 13 पंचायतों के लिए मात्र 3 पंचायत सचिव नियुक्त हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों एवं प्रखंड में पंचायत स्तर पर आवश्यक एवं निर्धारित कर्मियों के रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*277. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर अनुमंडल के दिघवारा प्रखंड के रामपुर आमी पंचायत के अम्बिका उच्च विद्यालय, आमी, NH-19 से दरियापुर प्रखंड के सज्जनपुर मटीहान पंचायत के अदमापुर गाँव तक दो प्रखंडों को जोड़ने वाला मुख्य सड़क जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में समस्या होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*278. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी) क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गया-इस्लामपुर पथ एवं गया-सरबहदा पथ के टेउसा बाजार तथा कुडवा बाजार में सड़क किनारे पक्के नाला का निर्माण नहीं होने से वर्षा ऋतु में गंभीर जल-जमाव की समस्या उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाजार में पक्के नाला तथा सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*279. मो0 तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज) क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के बहादुरगंज से भाटा बाड़ी, कुढेली होते हुए मटियारी धार तक सड़क जर्जर होने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*280. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज प्रखंड के परसागढ़ी उत्तर लक्ष्मीपुर माईमर 42 आर0डी0 दिनेश साह के घर से मिश्री लाल मेहता के घर तक जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे आमजनों को आवागमन में काफी दिक्कत एवं परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजनाओं को पूरा करना

*281. मो0 सरवर आलम (क्षेत्र संख्या 55 कोचाधामन) क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र में मस्तानचौक से मजकुरी रोड बड़ीजान पुठीमारी MRL41 भवानीगंज से शाहपुर, L062 शाहनगरा से चुनामारी (VR62) एवं अन्य सड़कों और पुल पुलियों का निर्माण कार्य प्रशासनिक उदासीनता और संवेदकों की लापरवाही के कारण महीनों से अधर में लटका हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन योजनाओं के अधूरे रहने से जर्जर रास्तों और असुरक्षित डायवर्जन के कारण क्षेत्र की जनता का आवागमन पूरी तरह बाधित हैं और बारिश के दिन में डायवर्जन में पानी भर जाने से वहां के लोगों एवं छात्र-छात्रओं को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त लंबित योजनाओं को समय सीमा तय कर (Time -bound) कबतक पूरा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाढ़रोधक कार्य कराना

*282. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या 54 किशनगंज) क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत महानंदा नदी द्वारा ग्राम बैंगडोगरा, बौदीभिट्टा खानकी, काशीबारी, अंध्वाकोला सारोगोरा कब्रिस्तान एवं डोंक नदी द्वारा गोलाबस्ती हल्दागांव धुमनिया पूरब भाग, बैरबाना, रसियाडांगी का कटाव विगत 5 वर्षों से जारी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कटाव स्थलों पर बाढ़ संघर्षात्मक फ्लड फाईटिंग कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव से मुक्ति

*283. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम) -क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत गौड़ाबौराम विधान सभा क्षेत्र के किरतपुर, गौड़ाबौराम एवं बिरौल प्रखंड के हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पर तटबंध के विस्तारित होने एवं हाईवे के निर्माण के बाद प्राकृतिक जल निकासी बाधित हो गई है, जिसके कारण प्रतिवर्ष जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जल--जमाव की समस्या का निजात हेतु हाईवे के नीचे कल्भर्ट/ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वैकल्पिक व्यवस्था करना

*284. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के औरंगाबाद नगर में NH-19 पर 'क्षत्रिय नगर' एवं 'पिपरिया' के पास अंडरपास न होने से हजारों की आबादी को आवागमन में भारी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुरक्षित पार-पथ के अभाव में लोग जान जोखिम में डालकर हाईवे पार करते हैं, जिससे यह खंड दुर्घटना संभावित 'ब्लैक स्पॉट' बन चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यहाँ अंडरपास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

यातायात बहाल करना

*285. श्री मॉंशरीक मृणाल (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)- -क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत वारिसनगर विधान सभा क्षेत्र के खानपुर प्रखंड में आर0 ई0 ओ0 पथ सतुआहा चौक से मुजारी चकमाही पथ तथा खानपुर उतरी पंचायत अंतर्गत हरीयाबाद चक से खानपुर बाजार पथ के अनेक स्थानों पर हमेशा जल जमाव की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण उक्त पथों पर आम लोगों, छात्र-छात्राएँ एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाई होने के साथ दुर्घटनाएँ होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों के किनारे आवश्यकतानुसार नाला निर्माण कराकर जल-जमाव की समस्या का निदान करते हुए यातायात में सुगमता प्रदान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*286. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत झौवा बहियार पंचायत में शिव मंदिर, गोगरी से झौवा बहियार तक का क्षेत्र, जो घनी आबादी वाला इलाका है, से गुजरने वाली सड़क काफी संकीर्ण होने के कारण चारपहिया वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई होती है, जिससे यहां अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित इलाके में सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य प्रारम्भ कराना

*287. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर) -क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के रतनपुरा गांव की मुख्य संपर्क सड़क पूरी तरह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा क्षेत्र में समुचित जल निकासी (Drainage System) की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना अथवा मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (MMGSY) अंतर्गत रतनपुरा गांव में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य को शीघ्र प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य प्रारंभ कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*288. श्री नितेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-58 कसबा) -क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत कस्बा विधान सभा क्षेत्र के जलालगढ़ प्रखंड के जलालगढ़ पंचायत में दादर घाट पर पुल नहीं होने से हजारों नागरिकों को जलालगढ़ मुख्यालय जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग से जाना पड़ता है तथा लोग अस्थायी बांस एवं चचरी के रास्ते पर निर्भर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्रीनगर प्रखंड के खोखा दक्षिण पंचायत के ओरेला गाँव में भी पुल का अभाव होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलालगढ़ के दादर घाट एवं खोखा दक्षिण के ओरेला गाँव में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का अधिग्रहण करना

*289. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत SH-137 मोहिउद्दीननगर विधान सभा क्षेत्र से संबंधित मोहिउद्दीननगर प्रखण्ड के भासिंगपुर चौक से बोचहा गाँव होते हुए खनुआ घाट NH 122B तक तथा प्रखण्ड मोहनपुर के डुमरी दियारा मोड़ NH-122B से जौनापुर RCD पथ तक दोनों अतिमहत्वपूर्ण पथ है, तो क्या सरकार उक्त पथों को RWD से RCD में सम्मिलित कर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रशासनिक स्वीकृति

*290. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के डेहरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अकोढ़ीगोला प्रखंड में बक्सर कैनाल से निकलने वाली बाहा, जो ग्राम सलैया की ओर जाती है, के माध्यम से दर्जनों गाँवों के हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होती है, किन्तु वर्षों से सफाई एवं रख-रखाव तथा पक्कीकरण एवं दोनों तटबंधों का ऊँचाईकरण नहीं होने के कारण किसानों को सिचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के समय जलभराव एवं कटाव की समस्या उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाहा की सफाई, पक्कीकरण एवं तटबंधों के ऊँचाईकरण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कबतक कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अध्यक्ष को पदच्युत करना

*291. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 12013, दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 द्वारा जिला परिषद्, पटना के तत्कालीन अध्यक्ष को प्रमंडलीय आयुक्त-सह-लोक प्रहरी के अनुशंसा के आलोक में बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 70 (5) के अंतर्गत पदच्युत करने के स्पष्ट आदेश का अबतक पालन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य ?

-------------

पुल का निर्माण

*292. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत विशनपुर के वार्ड संख्या 14 स्थित कुचाही धार पर पुल नहीं होने के कारण आसपास के लगभग पाँच पंचायतों के लोगों को रानीगंज प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल का सर्वेक्षण कराकर कबतक पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*293. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत ताजपुर नगर परिषद् के वार्ड संख्या 2 साहु चौक से लाइन होटल एन०एच० 28 तक तथा ताजपुर वार्ड संख्या 11 थाना चौक से गोला रोड होते हुए नीम चौक तक जानेवाली सड़क जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*294. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 80 के मिर्जा चौकी से भागलपुर तक के निर्माणाधीन खंड में भागलपुर जिला के कहलगांव शहर के उल्टा पुल से स्टेशन चौक होते हुए कुआँ पुल तक दोनों तरफ नाला निर्माण का प्रावधान स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त खंड में सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु दोनों तरफ नाला का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों, यात्रियों तथा दुकानदारों को जल-जमाव से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जनसमस्या के निवारण हेतु कहलगाँव उल्टा पुल से कुआँ पुल तक सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का चौड़ीकरण

*295. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल मढ़ौरा, सारण के तरैया बाजार SH-73 से YDBS कॉलेज तरैया, माधोपुर बड़ा होते हुए हसनपुर बनिया पथ जो प्रखण्ड का प्रमुख पथ है एवं मशरक टोले गोपालवाडी SH-90 से डोइला-कुम्हैला पथ जो कि जनहित के लिए बहुत ही उपयोगी सड़क है, इन दोनों पथ का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आवासीय भवन की स्वीकृति

*296. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय सुगौली भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, विभाग द्वारा आवासीय भवन की स्वीकृति अभीतक नहीं दी गई है, कई वर्षों पूर्व कर्मचारियों, पदाधिकारियों के लिए जो आवासीय भवन बना था, वह पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है, प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय के कार्यरत कर्मी को आवासीय भवन के अभाव में अन्य जगहों पर भाड़ा/किराये के मकान में रहकर डियूटी करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के लिए आवासीय भवन का निर्माण कार्य कराने की स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*297. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र

के धावापर अजय बीघा नदी में एकमात्र उपलब्ध पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे उक्त ग्राम का पंचायत, प्रखंड एवं जिला से संपर्क टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के उक्त स्थान पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?.

-------------

अतिक्रमण से मुक्त करना

*298. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत मटियारी से बगडहरा होते हुए काकन चौक तक जाने वाली सड़क में प्राथमिक विद्यालय बड़हवा के पास बीबी राहत पति-मतलूब के जमीन पर सड़क का निर्माण किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित जमीन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सरकारी सहायता करना

*299. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढा (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कोढ़ा प्रखंड की उत्तरी सिमरिया पंचायत में कोलासी पुल के निकट कारी कोसी नदी के समीप स्थित आदिवासी टोला एवं मनन टोला में विगत तीन वर्षों से लगातार हो रहे कटाव के कारण लगभग 50 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कटावरोधक कार्य कराने एवं कटाव से विस्थापित आदिवासी परिवारों के पुनर्वास एवं सरकारी सहायता कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नदी की सफाई

*300. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढौरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के गोबरीया पुल से डबरा नदी तक गोबरीया नदी की सफाई नहीं होने से उस क्षेत्र में जल-जमाव होने के कारण किसानों को खेती करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मोटर एवं पंखी लगाना

*301. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर ज़िला अंतर्गत बहुअरा पम्प कैनाल की मोटर पंखी 1991 में लरमा पम्प कैनाल की मोटर पंखी 1997, विश्वकर्मा पम्प कैनाल की मोटर पंखी 2001 में ही लगा है, जो अत्यधिक पुरानी होने से बार-बार खराब हो जाती है, जिसके कारण किसानों के खेतों की सिचाई में बाधा उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पम्प कैनालों की मोटर एवं पंखी कबतक बदलकर नयी लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*302. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा प्रमंडल 2 के अन्तर्गत MMGSY-Gen योजना के तहत NH-105 से पश्चिम डलवा तक सड़क निर्माण का कार्य संवेदक मेसर्स जय माता दी इन्टरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा था, अचानक जेल जाने के कारण सड़क निर्माण कार्य पिछले 3 वर्षों से बंद पड़ा है, साथ ही विभाग द्वारा संवेदक के साथ निष्पादित एकरारनामा (Ageement No.-77/SBD/2020-2) को विखंडित कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संवेदक द्वारा कार्य को पूरा करने के लिये अपने पुत्र (आदित्य अनुराग) को शपथ-पत्र के माध्यम से अधिकृत किया गया है, जिसके संबंध में स्थानीय कार्यपालक अभियंता ने पत्र संख्या 321, दिनांक 18 फरवरी, 2026 द्वारा मुख्यालय से मार्गदर्शन मांगा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़क के निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*303. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बाढ़ प्रखण्ड के भटगांव पंचायत स्थित वार्ड नं० 16 में फोर लाइन से लेकर राजकिशोर राय के घर के बगल से कालीस्थान होते हुये बाढ़ कोर्ट हॉल्ट तक कच्ची सड़क रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*304. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले में काजीसराय से सैदपुर मोड़ तक जाने वाली सड़क अत्यंत संकीर्ण है तथा इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों एवं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*305. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, भवानीपुर का भवन आजादी के पूर्व से निर्मित है जो जर्जर है, जिससे क्षेत्र के आम जनमानस एवं कार्यरत सभी कर्मचारियों को अपने कार्य करने में काफी कठिनाई होती है, जबकि प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्माण हेतु 15.2 एकड़ जमीन विभाग को आवंटित कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, भवानीपुर में भवन निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नदी की उड़ाही

*306. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर विधान सभा क्षेत्र से होकर बहने वाली जमुआरी नदी में अत्यधिक गाद जम जाने के कारण जल प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे वर्षा ऋतु में जल-जमाव एवं बाढ़ तथा किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार तकनीकी सर्वेक्षण कराकर जमुआरी नदी की शीघ्र उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*307. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिले के 65 बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बांसगांव पंचायत के मालापारा घाट पर पुल नहीं होने के कारण आस-पास के 4-5 पंचायतों के ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रशासनिक अनुमोदन देना

*308. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत पलासी प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत L025-kankhudia To Dogachhi (VR 25) पैकेज सं० BR-01R-153 पथ का पुनरीक्षित प्राक्कलन पुनरीक्षित प्रशासनिक अनुमोदन हेतु विगत छः माह से ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्यालय में लंबित है जिसके कारण उक्त पथ का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के पुनरीक्षित प्राक्कलन का प्रशासनिक अनुमोदन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*309. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत आर०डब्ल्यू०डी० की पथ पिपरा-कल्याणपुर पथ एवं पिपराकोठी-कल्याणपुर पथ का चौड़ाई काफी कम होने एवं वाहनों का दबाव बहुत अधिक होने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों को आर०सी०डी० से अधिग्रहण कर सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क बनवाना

*310. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाडा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंसूरचक प्रखण्ड के गोविन्दपुर 1 पंचायत में वार्ड नं० 6 दलित मुहल्ला में आने-जाने के लिये कोई रास्ता नहीं है जिससे सभी दलित परिवारों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मुहल्ला में जमीन अधिग्रहण कर सड़क कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*311. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के शेरघाटी प्रखण्ड के कचौड़ी पंचायत के कलांदरा रोड से बेला बंगालीडीह महादलित टोला तक सड़क की लम्बाई 2 कि०मी० है, यह सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे ग्रामीण जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*312. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखण्ड के जगदर पंचायत के जगदर गांव के वार्ड नं० 01 के पासवान टोला होते मुरादपुर गांव के वार्ड नं० 06 तक जाने वाली बांध पर अवस्थित सड़क जिसकी दूरी लगभग 3 कि०मी० है, वर्तमान में अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीण संपर्कता को सुदृढ़ करने हेतु उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*313. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बैसा प्रखण्ड के रौंटा से मालोपाड़ा जाने वाली एवं अमौर प्रखण्ड के पलसा चौक से गेरिया जाने वाली सड़क संकीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों के संकीर्ण होने के कारण इन सड़कों पर प्रायः दुर्घटना घटित होती रहती है और यातायात में बहुत कठिनाइयां होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों के चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बांध की सुरक्षा

*314. श्री सुरेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत मधुबनी प्रखंड के अंतर्गत सोहगी बरवा पंचायत के सिंसई गांव में लगभग 2.5 किलो मीटर तक बांध का भारी कटाव हो जाने के कारण चौतरहवा से बासी रोड NH-727 उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से खतरे की जद में आ गयी है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों के आवागमन और बांध की सुरक्षा पर गंभीर संकट मंडरा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बांध की सुरक्षा एवं कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण

*315. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत बगाही रामनगर पंचायत के सीरी बैठा के घर से अथरी सीमान मुख्य सड़क तक सीलिंग किया हुआ पथ जर्जर हो चुका है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पी0सी0सी0 कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क-सह-पुल का निर्माण

*316. श्री महेश पासवान (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रखंड चरपोखरी के ग्राम-डुमरीया सिवान से पिपरा स्थान तक जाने वाले सड़क जो चरपोखरी एवं जगदीशपुर प्रखंडों को जोड़ती है, लेकिन इस मार्ग पर पक्की सड़क एवं पुल का निर्माण नहीं होने के कारण क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं आपातकाल में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*317. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी बस स्टैण्ड एन0एच0 107 से जीवछपुर तथा एन0एच0 107 ह्रदयनगर चौक से सतबेर (अररिया जिला सीमा) तक जानेवाली पथ काफी संकीर्ण रहने के कारण उक्त पथ पर जाम की समस्या रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*318. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड में तेनुआही से सिघपकला पथ तक जाने वाली पथ का मजबूतीकरण कार्य पूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ प्रमंडल, झंझारपुर के अंतर्गत उक्त 5.50 कि0मी0 पथ का मरम्मती होने के बावजूद नाला एवं पथ का चौड़ीकरण का कार्य नहीं किये जाने से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में नाला के साथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*319. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वजीरगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गयाजी जिला में पथ प्रमण्डल संख्या 01, गयाजी से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित गया-नालन्दा रोड से बैरका-भाया-हरली (निकट मायपुर) सरैया बुद्ध घरेया-हुड़राही-कोब्बा रोड को बने हुए 4 साल बीत चुके हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का पिछले 4 वर्षों में एक बार भी मरम्मती कार्य संवेदक मेसर्स मगध कंस्ट्रक्शन वर्क्स, गयाजी द्वारा नहीं किया गया है, जिससे कारण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामलों की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने एवं उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*320. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बोखड़ा प्रखंड के सिंधाचौड़ी पंचायत के धरूहट धोंधारी घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को नदी के उस पार आने-जाने में काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*321. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के प्रखंड योगापट्टी अंतर्गत पंचायत राज बहुअरबा के गोईता टोला मिश्रौली गाँव के पश्चिमी में धनौती नदी स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धनौती में दोनों तरफ RWD की सड़क का निर्माण के साथ ही जनसहयोग से छोटा पुलिया का निर्माण कराया गया है जिसमें सिर्फ दो पहिया का आवागमन ही हो पाता है और बड़े वाहन का आवागमन नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*322. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के गोपालगंज-बेतिया पथ का गोपालगंज से जादोपुर बाईपास तक का हिस्सा लगभग 7 कि0मी0 तक रख-रखाव की सीमा से बाहर हो गया है जो एक लेन का ही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का कुछ हिस्सा NH-27 से लखपतिय मोड़ तक लगभग 1 कि0मी0 गोपालगंज नगर परिषद् सीमा में है जो क्षतिग्रस्त हो गया है तथा हल्की बारिश में भी चलना मुश्किल हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के नगर परिषद् वाले हिस्सा को PCC तथा बाकी हिस्सा को दो लेन का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन की उड़ाही एवं निर्माण

*323. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में पूर्व से निर्मित अधिकांश पईनों की नियमित सफाई एवं उड़ाही तथा नई पईनों का निर्माण नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम पंचायतों के माध्यम से चनपटिया विधान सभा क्षेत्र में पूर्व से निर्मित पईनों की सफाई एवं उड़ाही तथा आवश्कता अनुसार नई पईनों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी एवं संरक्षण

*324. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र की शाहवाजपुर, रमैया, खवासपुर सहित 31 पंचायतों, 01 नगर परिषद् के वार्ड नं0 1, 2, 3 तथा 17 तथा नगर पंचायत के अमौना, मीरगंज एवं अन्य क्षेत्रों में प्रतिवर्ष बाढ़ एवं सुखाड़ की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है जिसके कारण जन-धन एवं फसलों की व्यापक क्षति तथा सुखाड़ के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के लिए विशेष मास्टर प्लान बनाकर बाढ़ नियंत्रण, जल निकासी सिंचाई एवं जल संरक्षण योजनाओं की शीघ्र स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*325. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत भदास पंचायत के पंचवटी चौक से डाढ़ी आस होते हुए खगड़िया-बखरी पथ तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर एवं जल-जमाव की समस्या से ग्रसित है एवं आवागमन का प्रमुख मार्ग है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के पुनर्निर्माण एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए कबतक कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*326. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महथी दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या 04 स्थित दुर्गा मंदिर के नजदीक से सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या 6 के अनुसूचित जाति टोला को जोड़नेवाली कच्ची सड़क तथा भुस्वर पंचायत के वार्ड संख्या 6 स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय से दास टोला तक सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से लोगों का आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पुनः निर्माण

*327. श्री अरूण कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-96 बरूराज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के रामपुर भेडियाही पंचायत के भेडियाही गाँव में तिरहुत नहर पर स्थित पुल और मध्य विद्यालय, भेडियाही के पास झाझा पर स्थित पुल विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण छोटे एवं बड़े वाहन का आवागमन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलों का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*328. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत रोड नं0-17 कुम्हरा कब्रिस्तान से तरही तक लगभग 8.5 कि0मी0 लंबी सड़क निर्माण के अभाव में आवागमन के योग्य नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोसी नदी की उपधारा के कारण उक्त सड़क दो भागों में विभाजित है, जिसके कारण लगभग 200 मीटर लंबे उच्चस्तरीय (HL) पुल तथा सड़क के अंतिम लगभग 4 कि0 मी0 भाग में आवश्यकता अनुसार छोटे-छोटे पुल-पुलियों का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*329. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत लखौरा चौक से कटगेनवा नेपाल बोर्डर तक जाने का एक मात्र पथ है जो संकीर्णता के चलते आमजनों को आवागमन में असुविधा होती है साथ ही पथ में संकीर्णता के चलते आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं ऊँच्चीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*330. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कदवा विधान सभा क्षेत्र के कुम्हरी चौकी-कुरूम आर0सी0डी0 पथ पर रैंयापुर घाट, महानंदा नदी पर स्थायी पुल नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा वैकल्पिक मार्ग से 45 से 50 किलो मीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर पुल एवं संपर्क पथ निर्माण हेतु विभागीय स्तर पर तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल एवं संपर्क पथ का निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत भवन का निर्माण

*331. श्री रामानन्द मंडल (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा जिले के सभी पंचायतों में पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु एक-एक पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का लक्ष्य रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अन्तर्गत कई पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण करने वाली एजेन्सी द्वारा भूमि के कुछ स्थानों पर गढ्ढा का बहाना बनाकर कवादपुर पंचायत सरकार भवन एवं ताजपुर पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य को बाधित किया जाता है जिससे विकास कार्य धीमी गति से चल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायत सरकार भवन निर्माण करने वाले संवेदक के गढ्ढा का बहाना बनाने वाले एजेन्सी को चिन्हित कर समय-सीमा के अन्दर निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*332. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर प्रखण्ड के जलालपुर-बैसपुरा पथ (नयका रोड) में ग्राम-कौआखोंच से पिपरी तक पूर्ण रूप से निर्माण (कालीकरण) अधूरा रह गया है और टूट गया है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ में टूटे हुए भाग का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*333. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के हुलासगंज से पटना जिला के फतुहा तक राज्य पथ पर भारी वाहनों के अधिक आवागमन तथा सड़क की क्षमता से अधिक यातायात के कारण प्रतिदिन लंबे जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस मार्ग पर जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु इस मार्ग के चौड़ीकरण, बाइपास निर्माण, बेहतर यातायात प्रबंधन अथवा अन्य आवश्यक कार्यों को कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तालाब का जीर्णोद्धार

*334. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के नावानगर अंचल अंतर्गत मणिया पंचायत के मणिया ग्राम वार्ड संख्या-05 पूरब टोला में एक अत्यंत प्राचीन सरकारी तालाब जिसका थाना नंबर-305, खाता-374, खेसरा-1365, रकबा-0.60डी0 है, अत्यंत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा इसका अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए जल-जीवन हरियाली योजना के अंतर्गत इसका जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है ? नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*335. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलांतर्गत गुरूआ प्रखण्ड के पंचायत वर्मा ग्राम-नसेर का पोखर एवं बरवाडी नेसर का पईन सहित विभिन्न आहर, पोखर, पईन का जीर्णोद्धार वर्षो से मानक प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हुआ है, सिर्फ पोपलेन एवं जे0 सी0 बी0 द्वारा ट्रेंच खोदकर आहर के प्राकृतिक स्वरूप को मिटाने का प्रयास हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार जांच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से मुक्ति

*336. श्री वैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बैरगनिया प्रखंड के मुसाचक, परसौनी, जमुआ एवं चकवा आदि पंचायत पूरी तरह से जल-जमाव से प्रभावित रहने के कारण किसानों का फसल बर्बाद हो हाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बैरगनिया प्रखंड के जल-जमाव से प्रभावित पंचायतों को जल-जमाव से मुक्त कराकर फसल को हो रहे नुकसान से बचाव कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संविदा नियोजित न्यायमित्र का मानदेय बढ़ाने के संबंध में

*337. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की ग्राम कचहरियों में संविदा के आधार पर नियोजित न्यायमित्र ग्रामीण स्तर पर न्यायिक कार्यों के सुचारू संपादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, परंतु वर्तमान में उन्हें मिलने वाला मानदेय अत्यंत अल्प है, जिससे जीविकोपार्जन में कठिनाईयाँ होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अन्य संविदा कर्मियों के नियत मानदेय में समय-समय पर वृद्धि कर उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, परंतु बिहार राज्य ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ (पटना) द्वारा लगातार की जा रही मांगों के बावजूद न्यायमित्रों के नियत मानदेय पर अबतक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार न्यायमित्रों के नियत मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

बांध का सुरक्षात्मक कार्य कराना

*338. श्री सामीद वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलांतर्गत सिकटा प्रखंड से होकर गुजरने वाली ओरीया नदी पर निर्मित सुरक्षा तटबंध सिकटा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त रहनें के कारण मानसून के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ते ही सिकटा बाजार सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुसने का खतरा पैदा हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सिकटा/ओरीया नदी तटबंध की जर्जर स्थिति के संबंध में कार्यपालक अभियंता को लिखित में देने के बावजूद विभाग द्वारा सैंडबैग्स या बोल्डर क्रेटिंग जैसे बुनियादी निरोधात्मक उपाय नहीं किए गए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थलों पर क्षतिग्रस्त बांध को टूटने से बचाने के लिए सुरक्षात्मक कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*339. मो0 फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के ढाका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ढाका प्रखंड की पचपकड़ी-गुड़हनवा पथ का अबतक चौड़ीकरण नहीं कराया गया है तथा ग्राम-सराठा स्थित पोखर के समीप सड़क के किनारे रिटेनिंग वॉल (सुरक्षात्मक दीवार) का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन असुरक्षित है और आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के चौड़ीकरण तथा ग्राम-सराठा स्थित पोखर के समीप रिटेनिंग वॉल के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी की व्यवस्था

*340. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गोरौल प्रखंड के सोन्धो, राजखण्ड, मजीराबाद, रूसुलपुर, मल्लिकपुरा, लोदीपुर आदि गाँवों का अधिकांश कृषि योग्य जमीन लगभग तैंतीस हजार एकड़ में जल-जमाव होने के कारण कृषि कार्य नहीं होता है, जिससे उपर्युक्त गाँवों के किसानों को काफी कठिनाइयों के साथ-साथ आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों के जमीन (चौड़) से जल-निकासी की व्यवस्था कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अंडरपास का निर्माण

*341. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया )--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के खजुरिया फ्लाई ओवर के नीचे जल-जमाव रहने के कारण बार-बार मरम्मती होने के बावजूद फ्लाई ओवर के आस-पास 200 मीटर तक बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर अंडरपास बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*342. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबन प्रखंड के बाजितपुर पंचायत मे बाजितपुर से सिरौली जाने वाली सड़क विगत चार वर्ष से जर्जर है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*343. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखंड के मीरियां पंचायत के बहेरा गाँव से वहुअन तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आमजनता को बरसात के समय 20 किलो मीटर घूमकर आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों के बीच पक्की सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का सुदृढ़ीकरण

*344. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल एवं रहिका प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की पंडौल-ब्रहमोत्तरा से उगना महोदव स्थान तक, पंडौल-बेलाही से पचाढ़ी तक तथा रहिका चौरी से बड़कुरवा-सनौर तक जाने वाली सड़कों के जीर्णोद्धार/सुदृढ़ीकरण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती एवं सुदृढ़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*345. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213 काराकाट विधान सभा के प्रखंड बिक्रमगंज+डिहरी वाया-अमरथा पथ में से कायस्थ बहुआरा होते हुए पंचायत सरकार भवन से श्रीरामपुर महादलित बस्ती तक कच्ची सड़क का अबतक पक्कीकरण कार्य नहीं कराया गया है, जिससे आमजनों को आवागमन एवं वाहन आदि के परिचालन में आए दिन कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना:
दिनांक 22 जुलाई, 2026 (ई०)।

पूनम सिन्हा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026